TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

**पुण्यतिथि विशेष**

**17 अगस्त 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार


जब मैंने पहाड़ तोड़ना शुरू किया तो लोगों ने मुझे पागल कहा,

लेकिन उनकी बातों ने मेरे निश्चय को और मजबूत किया।

**दशरथ मांझी**

**( माउंटेनमैन )**

**जन्म: 14 जनवरी 1934 मृत्यु: 17 अगस्त 2007**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

S a t u r d a y

## 17 अगस्त

1. **इंडोनेशिया का स्वतंत्रता दिवस–** 17 अगस्त, 1945 ई. को इंडोनेशिया स्वतंत्र राष्ट्र बना था। इसे इटली से स्वतंत्रता प्राप्त हुई थी। यह दक्षिण पूर्व एशिया और ओशिनिया में स्थित है। इसकी राजधानी जकार्ता है। इंडोनेशिया में 17000 से ज्यादा द्वीप हैं। इन द्वीप समूह के पूरब और दक्षिण में हिंद महासागर है। इसके उत्तर में मलेशिया, पापुआ न्यू गुयाना, और तिमोर लिस्ते अवस्थित है। इसके अलावे यह ऑस्ट्रेलिया, फिलीपींस, पलाउ, सिंगापुर, थाईलैंड, वियतनाम और भारत से समुद्री सीमा साझा करता है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा आबादी वाला शहर है। यहाँ दुनिया के सबसे ज्यादा सक्रिय ज्वालामुखी, महासागरीय खाईयां भी पाये जाते हैं। यह क्षेत्र भूगर्भीय प्लेट्स के किनारे अवस्थित है, अतः यहां भूकम्प, सुनामी और चक्रवाती तूफान भी ज्यादा आते हैं। यह क्षेत्र अपनी जैव विविधता के लिये भी जाना जाता है। दुनिया का सबसे बड़ा फूल 'रेफ्लेशिया' भी यहीं मिलता है।
2. **रेडक्लिफ रेखा का निर्धारण–** भारत और पाकिस्तान के बीच 17 अगस्त, 1947 ई. को सीमा रेखा का निर्धारण बार्डर कमीशन के द्वारा किया गया था। चुँकि इस कमीशन के अध्यक्ष सर सिरील रेडक्लिफ थे, अतः इन्हीं के नाम पर सीमा रेखा का नाम रेडक्लिफ लाइन रख दिया गया। कमीशन को 4.5 लाख वर्ग किमी. की सीमा का निर्धारण करना था। यह सीमा उत्तर में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलओसी) से जो पाकिस्तान द्वारा नियंत्रित कश्मीर को भारतीय कश्मीर से अलग करती है, वाघा तक जाती है, जो कि भारतीय पंजाब प्रांत और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत को पूर्व में विभाजित करती है। दक्षिण में शून्य बिंदु, भारत के गुजरात और राजस्थान को पाकिस्तान के सिंध प्रांत से अलग करता है।
3. **नेताजी की अज्ञात स्थान यात्रा–** 17 अगस्त, 1945 को ही नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, कर्नल हबीबुर्रहमान के साथ एक जापानी विमान पर किसी अज्ञात स्थान के लिए रवाना हुए। इस महत्वपूर्ण यात्रा के पश्चात् नेताजी कहाँ हैं, यह रहस्य बना हुआ है।
4. **पियरे डे फर्मेट का जन्म–** फ्रेंच गणितज्ञ पियरे डे फर्मेट का जन्म 17 अगस्त, 1601 ई. को हुआ था। उन्हें 'मॉर्डन थ्योरी ऑफ नंबर्स' के जनक के रूप में जाना जाता है।
5. **मदन लाल धींगड़ा को फाँसी–** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रमुख क्रांतिकारियों में से एक मदन लाल धींगड़ा को 17 अगस्त, 1909 को लन्दन के पेटविले जेल में वायली और लालकाका की हत्या के मामले में फाँसी दी गई थी। विलियम हट कर्जन वायली एक ब्रिटिश अधिकारी था। मदन लाल धींगरा ने अदालत में खुले शब्दों में कहा कि "मुझे गर्व है कि मैं अपना जीवन समर्पित कर रहा हूँ।"

Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

17 अगस्त

मधु प्रिया

## पियरे द फर्मा (फॉर्मेट) जन्म 17 अगस्त



फर्मा का जन्म 17 अगस्त 1601 ई को बोर्मान्ट द लोमाग्रे में हुआ था। फार्मा अपने अंतिम प्रमेय के कारण अधिक प्रसिद्ध हो गए। उन्होंने अंतिम प्रमेय में बताया कि xn+ yn=zn )किसी भी धनात्मक पूर्णांक से संतुष्ट नहीं होता, यदि n>2हो।यद्यपि बर्मा ने लिखा है कि उन्होंने उपयुक्त समीकरण सिद्ध कर दिया था। किंतु साधारणतया यह विश्वास किया जाता है कि उनकी उपपत्ति में अशुद्धि है। 1995 तक इस समीकरण की शुद्ध उपपत्ति प्राप्त नहीं हो सकी थी, यद्धपि बहुत से विषय गणितज्ञों ने इसे सिद्ध करने का प्रयास किया। विश्लेषात्मक ज्यामिति(Analytical geometry) एवं प्रायिकता(probability) पर किए गए कार्य के कारण फर्मा बहुत प्रसिद्ध है। फ्रर्मेट पहले व्यक्ति थे, जिन्हें सामान्य शक्ति कार्यों के अभिन्न मूल्यांकन के लिए जाना जाता था। अपनी पद्धति से वह इस मूल्यांकन को ज्यामितीय श्रृंखला के योग तक कम करने में सक्षम थे। परिणामी सूत्र न्यूटन और फिर लाइबनिज के लिए मददगार था, जब उन्होंने स्वतंत्र रूप से कैलकुलस के मौलिक प्रमेय को विकसित किया। 12 जनवरी 1665 ई को उनका देहांत हो गया।

/teachersofbihar

# पुण्यतिथि विशेष 17 अगस्त

राकेश कुमार



**जब तक तोड़ेंगे नहीं, तक तक छोड़ेंगे नहीं**

## बिहार के गौरव 'माउंटेन मैन'

# दशरथ मांझी जी

**दशरथ मांझी** *Dashrath Manjhi*, जन्म- 14 जनवरी, 1934; मृत्यु- 17 अगस्त, 2007) एक ऐसे भारतीय व्यक्ति थे, जिन्हें 'बिहार का माउंटेन मैन' कहा जाता है। वह बिहार में गया के करीब गहलौर गाँव के एक गरीब मजदूर थे। केवल एक हथौड़ा और छेनी लेकर दशरथ मांझी ने अकेले ही 360 फुट लंबी 30 फुट चौड़ी और 25 फुट ऊँचे पहाड़ को काट के एक सड़क बना डाली।

Teachers of Bihar
The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 17.08.2024

## नैदानिक परीक्षा
(शिक्षा)

व्यक्ति में किसी प्रकार की असामान्यता, अयोग्यता, अक्षमता, व्यतिक्रम अथवा व्याधि के स्वरूप की ठीक पहचान अर्थात् निदान (डायग्नासिस) नैदानिक परीक्षा (diagnostic test) कहलाती है। यह मनोशारीरिक अव्यवस्थाओं की ज्ञात लक्षणावली के आधार पर करने के लिए विज्ञों द्वारा सुस्थिर की गई जाँच की विशिष्ट प्रणाली है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



भारत ने अपने आत्मघाती **KamiKaze Drone** को तैयार कर लिया है। कामिकेज **जापानी** शब्द है जिसे द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान एक **स्पेशल यूनिट** को कहा जाता था।

TOB

# खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

## खेल सामान्य ज्ञान

**किस देश ने ओलंपिक खेलों में सबसे अधिक स्वर्ण पदक जीते हैं?**

*संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2,879 के साथ ओलंपिक खेलों में सबसे अधिक स्वर्ण पदक जीते हैं, उसके बाद सोवियत संघ/रूस 1,212 और चीन 1,099 के साथ दूसरे स्थान पर है।*

**कौन सा खेल सबसे बड़े मैदान पर खेला जाता है?**



*ऑस्ट्रेलियाई रूल फुटबॉल सबसे बड़े मैदान पर खेला जाता है, जिसका औसत आकार 150 मीटर गुणा 135 मीटर होता है।*

**विश्व में सबसे लोकप्रिय टीम खेल कौन सा है?**

*फुटबॉल विश्व का सबसे लोकप्रिय टीम खेल है, अनुमानतः विश्व भर में इसके 4 बिलियन प्रशंसक हैं।*

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 449

**निम्न में से किसे मार्श गैस भी कहते हैं?**



A. मेथेनोईक एसिड

B. मिथेन गैस

C. एथेन गैस

D. डाई मेथिल कीटोन

# TOB बूझो तो जानें..



452

पूंछ कटे तो सीता, सिर कटे तो मित्र, मध्य कटे तो खोपड़ी, पहेली बड़ी विचित्र.. बुझो तो जानें ?




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार



# "माउंटेन मैन "

## दशरथ मांझी

की पुण्यतिथि पर नमन ।

**14** जनवरी **1934-17** अगस्त **2007**

**www. teachers of bihar.org.**

**Madhu priya**


17 अगस्त
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
17 अगस्त 1916 - 23 फरवरी 1990
हिन्दी साहित्य के प्रसिद्ध पद्मभूषित साहित्यकार
अमृतलाल नागर
की जयंती पर उन्हें शत्-शत् नमन
Punita Kumari
www.teachersofbihar.org




/teachersofbihar